इंजीनियर पुरोहित द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन

पुस्तक का विमोचन करते हुए। सतविन्द्र लट्ठ

सवेरा न्यूज/नीना, बंगाणा, 13 अप्रैल : सनातन धर्म आदर्श संस्कृत महाविद्यालय डोहगी के प्राचार्य प्रो. लालसिंह पठानिया ने कपिला पुरोहित द्वारा लिखित पुस्तक कंप्यूटर विज्ञान के मूलभूत सिद्धांत का विमोचन किया। इंजीनियर कपिला पुरोहित इसी महाविद्यालय में कंप्यूटर विज्ञान प्रशिक्षक है। इन्होंने सीएसई में बी.टेक और एमटेक किया है। इस पुस्तक में विद्यार्थियों को कंप्यूटर का बुनियादी परिचय, कंप्यूटर कैसे काम करता है, नेटवर्क विभिन्न तकनीकों के साथ कैसे काम करता है, आदि के बारे में जानकारी मिलेगी। इस पुस्तक के माध्यम से विद्यार्थी कंप्यूटर की संपूर्ण बुनियादी बातों को समझ सकेंगे। पुस्तक में 26 अध्याय हैं जिनमें यह पुस्तक इंटरनेट और उसके काम करने के तरीके का भी वर्णन करती है। हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, सीपीयू, ओएसआई मॉडल आदि सभी को इस पुस्तक में शामिल किया गया है, जो कि बहुत उपयोगी है। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य ने लेखिका को बधाई देते हुए कहा कि निश्चित ही यह पुस्तक सभी विद्यार्थियों के लिए अत्यन्त लाभप्रद सिद्ध होगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी आचार्य व कर्मचारी उपस्थित रहे।